# प्रदेश के लिये एक लाख 15 हज़ार 564 प्रधानमंत्री आवास (शहरी) स्वीकृत

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक में एक लाख 15 हज़ार 564 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किये गए हैं।

## प्रमुख बिंदु

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन आवासों के लिये केंद्र और राज्य के अंश के रूप में आवास बनाने हेतु हितग्राहियों के खाते में 2889 करोड़ रुपए अंतरित किये जाएंगे।
- प्रधानमंत्री आवास (बीएलसी) बनाने के लिये हितग्राहियों को ढाई लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाती है। 197 नगरीय निकायों के हितग्राहियों के लिये यह आवास स्वीकृत किये गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 17 मार्च को नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी से भेंट कर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लंबित प्रस्तावों को स्वीकृत करने का आग्रह किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-awas-yojana-2